उदय प्रताप कालेज, वाराणसी

(स्वायत्तशासी संस्था)

नैक मूल्यांकित 'A' ग्रेड

Udai Pratap College, Varanasi

(Autonomous Institution)

NAAC Accredited 'A' Grade

College with Potential for Excellence, DST-FIST & DBT-Star College & Accridited B.Sc.(Hons.) Agriculture ICAR (NAEAB)

email: principalupc@gmail.com, Website: www.upcollege.ac.in

नोटिस संख्या : 03/2026-27

दिनांक: 01/04/2026

नोटिस

महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10 अप्रैल से प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं तथा दिनांक 27 अप्रैल से सेमेस्टर की अंतिम परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। ऐसी परिस्थितियों में महाविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, अव्यवस्था, अवैधानिक गतिविधि तथा अनुशासनहीन आचरण पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है।

यदि महाविद्यालय का कोई भी छात्र/छात्रा किसी भी प्रकार की अवैधानिक, अनुशासनहीन या शैक्षणिक कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध महाविद्यालय के नियमों एवं प्रचलित विधिक प्रावधानों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

अतः महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे किसी के बहकावे में न आएं, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखें, पठन-पाठन पर पूर्ण ध्यान दें तथा अपने उज्ज्वल भविष्य एवं करियर के उन्नयन को प्राथमिकता देते हुए केवल शैक्षणिक गतिविधियों में संलग्न रहें।

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि कोई छात्र/छात्रा किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि, अफवाह फैलाने, अनुशासनहीन व्यवहार या अन्य किसी अवांछनीय गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(प्राचार्य) 01/04/26

उदय प्रताप कॉलेज, वाराणसी